## संक्षिप्त

### एड. दयाराम देव सेना के प्रदेश महामंत्री

**कोटपूतली, (निसं)।** देव सेना प्रदेशाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने जिलाध्यक्ष जगदीश गुर्जर की अनुशंषा पर पदमा की ढाणी निवासी एड. दयाराम गुर्जर को संगठन का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि एड. गुर्जर वर्तमान में अभिभाषक संघ कोटपूतली के अध्यक्ष है एवं पूर्व में राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय कोटपूतली के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके है। उनकी नियुक्ति पर बडी संख्या में समाज के लोगों ने बधाई दी।



दयाराम गुर्जर

### रेणु तंवर ने कार्यभार ग्रहण किया

**दूदू, (निसं)।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक दूदू के पद पर रेणु तंवर ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। तंवर का दूदू जिला शिक्षा अधिकारी के रिक्त पद पर स्थानांतरण किया गया है।

### सभी प्रतिष्ठान आज रहेगें बंद

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर में माह का अंतिम दिवस होने के चलते बुधवार को बाजार बंद रहेगें। रेडिमेड कपडा व्यापार संघ अध्यक्ष विष्णु कुमार मिश्रा तथा टेक्सटाइल व्यापार मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र बजाज ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह के अंतिम दिन प्रतिष्ठान बंद रखने के निर्णय के तहत बुधवार को भी माह का अंतिम दिन होने के कारण रेडिमेड कपडा, टेक्सटाइल सहित अन्य बाजार बंद रहेंगे। सभी प्रतिष्ठान रोज की भांति एक अगस्त को खुलेंगे।

### सचिन पायलट टोंक में आज

**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं टोंक विधायक सचिन पायलट बुधवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। कांग्रेस कमेटी टोंक जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने बताया कि प्रात: 9.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से होटल शिव शक्ति पक्का बंधा टोंक पर पायलट का स्वागत किया जाएगा, तत्पश्चात वह मकुंस पब्लिक स्कूल कामधेनु सर्किल टोंक का उद्घाटन करेंगे। प्रात: 11बजे तहसील परिसर टोंक में प्रतीक्षालय का उद्घाटन करेंगे, उसके बाद वह दोपहर 2 बजे लाम्बा बावडी में एक स्थानीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहेंगे।

### इच्छापूर्ण शनि देव मंदिर में वृक्षारोपण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** तीजा वाला जोडा वार्ड नंबर 2 श्रीमाधोपुर में स्थित इच्छा पूर्ण शनि देव मंदिर धाम में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर पीपल सहित कई छायादार और फूलों के पेड पौधे लगाए गए। शनि देव मंदिर धाम के पुजारी बृजमोहन भार्गव ने बताया पेड मंदिर के भक्तों द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर अनुज वर्मा, राजेंद्र इंदौरिया, श्रीराम, सुभाष पूनिया, श्याम सिंह वाली, सुनील जितरवाल, सुनील सैनी बाईपास, द्विज कुमार, बलदेव सैनी आदि उपस्थित रहे। पेड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड मां के नाम के तहत लगाए गए।

### सलाहकार समिति का गठन

**राजगढ़, (निसं)।** जयपुर रेल मंडल की ओर से राजगढ रेलवे स्टेशन के लिए सलाहकार समिति का गठन किया गया है। अलवर डिवीजन के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मोहन सिंह मीणा ने बताया कि राजगढ स्टेशन सलाहकार समिति में प्रदीप महावर, खेमसिंह आर्य, वीरेंद्र दाधीच, अजय यादव, अनिल गुप्ता को सम्मलित किया गया है। सलाहकार समिति राजगढ कस्बे के रेलवे स्टेशन की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखेगी।

### होगे कई धार्मिक अनुष्ठान

**निवाई, (निसं)।** ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर स्वामी भजनानंद गिरी महाराज का सातवां निर्वाण दिवस संत कर्मानंदगिरी महाराज के पावन सानिध्य में श्री पंचदश नाम जूना अखाडा संन्यास आश्रम घांटा करीरिया पर मनाया जाएगा। निर्वाण दिवस को लेकर 31 जुलाई को श्री गुरु चरण पूजन व महाआरती होगी। उसके बाद महाप्रसादी होगी।

# सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग

**देवली (निसं)।** यहां मंगलवार को सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में परम्परागत रूप से सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकी समाज को ही 100 प्रतिशत प्राथमिकता दिए जाने की मांग की गई है। वाल्मीकि समाज के बेरोजगार युवक और युवतियों को सफाई कर्मी की भर्ती में प्राथमिकता देते हुए सर्वप्रथम चयन किया जाए यह मांग अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद द्वारा की गई है।

इसको लेकर अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार डाबोडीया ने मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा और पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन सहित पालिका अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार डाबोडीया ने यहां ज्ञापन में बताया है कि सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 को लेकर दिनांक 23 जुलाई 2024 को संयुक्त वाल्मीकी समाज एवं श्रमिक संघ जयपुर द्वारा इस भर्ती में परम्परागत रूप से सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकी समाज को 100 प्रतिशत प्राथमिकता देने व भर्ती से आरक्षण पद्धती को हटाने और 2018 में सफाई कर्मचारी भर्ती में लगे गैर वाल्मीकी समाज के सफाई कर्मचारी को अपने मूल पद पर कार्य लगाने का निर्णय लेकर सरकार से मांग की है साथ ही अवगत कराया की जब तक समाज के हक में मांगो को स्वीकार नहीं किया जाता तब तक झाडूं डाउन कर हडताल का ऐलान किया है। जिसका अखिल भारतीय वाल्मीकी समाज विकास परिषद् देवली द्वारा पूर्ण रूप से समर्थन करता है तथा सात दिवस में मांगे नहीं मानने पर नगर पालिका देवली में भी झाडूं डाउन हडताल कर आन्दोलन करने के लिए मजबूर होना पडेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार तथा प्रशासन की रहेगी।

समाज के लोगों की मांग है की वर्तमान सरकार नियमों में सुधार कर राजस्थान के वाल्मीकी समाज को प्राथमिकता देने का आदेश जारी करें यह मांग स्थानीय समाज के पदाधिकारियों ने की है साथ ही ज्ञापन सौंपने में वाल्मीकि समाज के दर्जनों लोग शामिल रहे।



वाल्मीकि समाज ने मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम ईओ पवन कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

■ सात दिन में मांगे नहीं मानने पर झाडू डाउन हड़ताल का किया ऐलान

## सत्यापन की तिथि बढ़ाने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में स्नात्तक प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा कराये जाने की तिथि बढाये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को एबीवीपी व एनएसयुआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य प्रो. आर के सिंह को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। एबीवीपी जिला संयोजक अनमोल गोयल ने बताया कि मंगलवार को अन्तिम तिथि के चलते बड़ी संख्या में विधार्थी इससे वंचित रह गये है। अत: महाविधालय प्रशासन प्रवेश पत्र जमा करवाये जाने की तिथि को बढ़ाये, ताकि प्रवेश से वंचित ग्रामीण अंचल के विधार्थियों को लाभ मिल सकें। इस दौरान नगर मंत्री हर्षित सोनी, नरेन्द्र लादी, राहुल गोयल, उत्सव, योगेश मीणा, कुलदीप, अक्षर, संदीप चौधरी, धर्मेन्द्र कुमावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार एनएसयुआई कार्यकर्ताओं ने छात्र नेता जीतू आर्य के नेतृत्व में प्राचार्य सिंह को दस्तावेज सत्यापन की तिथि बढ़ाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# भर्तृहरी धाम पर आयोजित लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक

**अलवर, (निसं)।** अलवर की तपोभूमि भर्तृहरी धाम पर 9 सितंबर से 12 सितंबर तक चार दिवसीय विशाल लक्खी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मेले की व्यवस्थाओं को लेकर मालाखेडा एसडीएम देवी सिंह द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों की मीटिंग ली गई।

मीटिंग में अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को उनके कार्य का जीम्मा सोपा गया। विशाल लक्खी मेले को लेकर वाहन पार्किंग की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, मेडिकल विभाग के डॉक्टर टीम लगाई जाएगी। नगर निगम से टॉयलेट और कचरा पात्र की व्यवस्था, संपूर्ण जिम्मेदारी मेला कमेटी की होगी तथा पुलिस प्रशासन समस्त विभागों की सभी अधिकारियों को इन सभी को लेकर संबंधी विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई। मीटिंग के दौरान मालाखेडा एसडीएम देवी सिंह द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि मेले में श्रद्धालुओं की आस्था का ध्यान रखते हुए उनको किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए मेला कमेटी द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

मालाखेडा एसडीएम द्वारा मेले में यात्रियों कि सुविधा के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की व्यवस्था भी की जाएगी। इस मौके पर मेला मजिस्ट्रेट देवी सिंह, ग्रामीण सीईओ डॉ पूनम सिह, मालाखेडा तहसीलदार मेघा मीणा, विद्युत विभाग गोपी, विकास अधिकारी मुरारी लाल मीणा, सहायक विकास अधिकारी विश्राम प्रजापत, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि एवं समाजसेवी पेमाराम सैनी, भृहर्तरी मंदिर कमेटी अध्यक्ष पदम नाथ पुजारी, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार सैनी, अकबरपुर थाना अधिकारी ओम प्रकाश मीणा, मालाखेडा थाना अधिकारी हितेश शर्मा, पीएचईडी हितेश कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग बनवारी लाल मीणा मौजूद रहे।



मेले की व्यवस्थाओं को लेकर मालाखेडा एसडीएम देवी सिंह द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों की मीटिंग ली गई।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा 10 जून 2024 को सचिन वगैरहा ने रॉयल्टी नाका कर्मचारियों पर फायरिंग कर फरार हुए अपराधियों की धर पकड हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस द्वारा विश्वसनीय सूत्रों से आसूचना संकलन कर अभियुक्त सुनील पुत्र सतीश उम्र 20 साल निवासी प्रागपुरा, अशोक उर्फ केडी पुत्र पप्पूराम उम्र 21 साल निवासी टोरडा गुजरान, करण पुत्र सुवालाल उम्र 20 साल निवासी रघुनाथपुरा, रंजीत पुत्र विक्रम उम्र 20 साल निवासी प्रागपुरा को गिरफ्तार किया गया। घटना की जानकारी देते हुए प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 10 जून 2024 को 1 बजे के करीब सचिन उर्फ शूटर रॉयल्टी नाका पर आये और आते ही रॉयल्टी कर्मचारी पवन के साथ मारपीट करते हुए हाथ पैर तोड दिये व राजेश, प्रेम, हवलदार के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की नियत से फायरिंग की। जिस पर प्रागपुरा थाने में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।



पावटा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

## केन्द्रीय कारागृह अलवर का औचक निरीक्षण

**अलवर, (निसं)।** जेलों में हो रही अपराधिक गतिविधियों, आपत्तिजनक सामग्री के चलते अपराधियों के बुलंद हौसलों को कुचले के लिए जिला पुलिस और जिला प्रषासन की संयुक्त टीम ने अलवर जेल का निरीक्षण किया।

जिला पुलिस अधीक्षक अलवर आनंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिले में स्थित कारागृहों में संचालित होने वाली आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं कारागृहों में पाई जाने वाली निषिद्व वस्तुओं की आकस्मिक तलाशी अभियान के तहत मंगलवार को जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा केन्द्रीय कारागृह अलवर का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान जेल में स्थित कैदियों के बैरिक की सघन तलाशी ली गई जिसमें कोई निषिद्व वस्तु नहीं पाई गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अलवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अलवर, वृताधिकारी शहर अलवर, थानाधिकारी थाना कोतवाली, शिवाजीपार्क, एनईबी, वैशाली नगर, अरावली विहार, सदर, उधोगनगर मय जाप्ते के औचक निरीक्षण में भाग लिया। भविष्य में इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

## जन्मदिन पर गौ सेवा की

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** धार्मिक नगरी मऊ के जनसेवक भगत सिंह मऊ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अपने जन्मदिन पर खिरनी फाटक गौशाला में गायों को गुड और दलिया खिलाकर व पेड लग जन्मदिन मनाया।

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो, अधिकारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को खैरथल तिजारा जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप सभी घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अविलंब तैयार कर लिए जाएं और इसके लिए जिला कलेक्टर एवं उच्च स्तर से समन्वय रखा जाए। घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। जिला कलेक्टर ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होगी।

कलेक्टर ने चंबल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना, किशनगढ बास व 21 ग्रामों में पेयजल हेतु परियोजना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उप जिला चिकित्सालय, उप स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मंडी क्रमोन्नयन, तिजारा में देवनारायण बालिका छात्रावास, भिवाडी में अर्ली वार्निंग सिस्टम, आईटीआई में आधारभूत सुविधाएं, साबी का पुनरुद्धार, भिवाडी नीमराना लिंक रोड, भिवाडी मास्टर ड्रेनेज प्लान, सरकारी कार्यालय, पुलिस साइबर थाने सहित प्रत्येक बजट घोषणा के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना और कहा कि जिला स्तर पर भी इनकी नियमित समीक्षा की जाए।

जिला कलेक्टर की प्रभावी मॉनिटरिंग से विधानसभा बजट सत्र खत्म होने से पूर्व उप स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नयन बजट घोषणा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुशखेडा के लिए जमीन का आवंटन किया जा चुका है।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता बाबूलाल माली, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मेंद्र यादव, समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, नगर परिषद आयुक्त श्याम बिहारी गोयल, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग मनोज गंगावत, सरस डेयरी एमडी राकेश कुमार, सांख्यिकी अधिकारी हरीश स्वामी, जिला खेल अधिकारी, डेप्युटी रजिस्टार, सहायक निदेशक आईटीआई भिवाडी, कृषि, राजीविका, वन, वाटरशेड विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने खैरथल तिजारा जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की।

■ पीएचसी खुशखेड़ा के लिए हुआ भूमि का आवंटन

## सार-समाचार

### इक्यावन हजार का आर्थिक सहयोग



**खाटूश्यामजी, (निसं)।** लखदातार जन सेवा समिति द्वारा संचालित आपणी श्याम पाठशाला में मंगलवार को एक समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों के लिए टीन शेड निर्माण व बच्चों के अध्ययन के लिए जय श्री श्याम एकेडमी दुबई द्वारा इक्यावन हजार रुपए प्रदान किए गये। वरिष्ठ साहित्यकार जगन्नाथ प्रसाद मर्मी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी के अध्यक्ष बबलू पुजारी श्याम कुंड ने चैक भेंट किया। इस अवसर पर साहित्यकार मर्मी ने कहा कि आपणी श्याम पाठशाला घुमंतू व भिक्षावृत्ति कर रहे परिवार के बच्चों का भविष्य निर्माण निर्माण कर रही है और ऐसे नवनिर्माण के मिशन में बबलू पुजारी जैसे भामाशाह सहयोग करके संस्थान का मनोबल बढाकर इस यज्ञ में आहुति दे रहे हैं। कार्यक्रम में पार्षद राजकुमार माटोलिया ने कहा कि जय श्री श्याम एकडेमी द्वारा यह सराहनीय कार्य किया है। इससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिलेगी तथा समाज के लोग आगे आकर इन बच्चों के भविष्य को संवारने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में व्यापार मण्डल के पूर्व मंत्री सोनू जोशी, पार्षद प्रतिनिधि विकास सोनी बतौर विशिष्ट अतिथि रहे ।इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष पवन कुमार ओला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पाठशाला की जानकारी दी।

### अशफाक को सेवानिवृति पर दी विदाई



**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा निवासी अशफाक अहमद की जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में 35 वर्ष की राजकीय सेवा पूर्ण होने पर अस्पताल प्रशासन व स्टाफकर्मियों द्वारा अशफाक को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मालपुरा पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने नकवी का जोरदार स्वागत कर राजस्थानी पगडी पहनाई। एसएमएस अस्पताल में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पद पर सेवारत रहते हुये नकवी ने मालपुरा ही नहीं अपितू प्रदेशभर से एसएमएस पहुंचने वाले जरूरतमंद व्यक्ति विशेष तौर से बेसहारा व असहाय व्यक्ति की मदद कर कई बार गंभीर घायल को समय पर चिकित्सा सेवाऐं उपलब्ध करवा जीवन बचाने का सराहनीय कार्य किये जाने के कारण नकवी ने अपनी पहचान कायम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस दौरान विदाई समारोह एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी,डॉ. गिरीश चौहान, नर्सिंग अधिक्षक सुरेश मीणा,नर्सेज एसोसिएशन के नेता नरेन्द्र सिंह शेखावत सहित अन्य ने नकवी को भावपूर्ण विदाई दी।

### प्राचार्य अशोक आर्य को हटाने की मांग

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में केंसर पीडित लाइब्रेरियन प्रहलाद कुमार बुनकर को प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य द्वारा प्रताडित किए जाने के खिलाफ तुरंत कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की है। अशोक आर्य को कॉलेज से तुरंत हटाने की मांग की है। रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने ज्ञापन में लिखा है कि बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में प्रहलाद कुमार बुनकर लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत हैं। बुनकर वर्ष 2016 से कैंसर से पीडित है। बुनकर अपनी क्षमता अनुसार पुस्तकालय का कार्य संपादित करते रहे हैं, विशेषकर उन हालातों में जबकि लाइब्रेरी में कर्मचारियों की भारी कमी है। सुविधाओं का बहुत अभाव है। फिर भी प्राचार्य अशोक आर्य कैंसर मरीज बुनकर को पिछले कई महीनो से दुर्भावनावश लगातार प्रताडित कर रहे हैं। स्टाफ के सामने गाली गलौज, रिलीव करने की धमकी, नौकरी से हटवाने की धमकी देकर जलील करते हैं। बुनकर बताते हैं कि आचार्य द्वारा परेशान करने से इन्हें हार्ट अटैक, मानसिक संताप का खतरा हो गया है।

### रामलाल शर्मा का किया अभिनंदन

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं शहर के वार्ड 13 में विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन के विस्तार पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। वार्डवासियों द्वारा पूर्व विधायक शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद आयुक्त सूर्यकांत शर्मा द्वारा दो कार्मिको को अनुकंपा नियुक्ति पर नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मोके पर पार्षद गजेन्द्र यादव, राहुल यादव, गौरव यादव, अर्पित सैनी, बलदेव टाँक, रतनलाल, सीताराम बिंवाल, रामदयाल टांक, दर्शन लाल टोपियां, सुरेश बिंवाल, नाथुलाल टांक, बलदेव सिंह टांक (पूर्व पार्षद), जगदीश बिंवाल, पप्पू टोपियां, विनोद टोपियां, रामू बिंवाल, गोविंद बिंवाल, मुकेश टांक, कालू टोपियां, रवि टांक, उत्तम बिंवाल, मिथुन टोपियां, मामराज, सुनील, राजू, महेन्द्र, बाबूलाल, कमलेश, नरेंद्र, सूरज, शुभम, चंचल, रमेश, विक्रम, शेखर, नारायण, पंकज आदि मौजूद रहे।

### पौधारोपण अभियान में 221 पौधे लगाये

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** भारतीय शिक्षा समिति गंगापुर सिटी के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतू किए गए सवा लाख पौधारोपण के लक्ष को लेकर मंगलवार को बौंली के आदर्श विद्या मंदिर रामशाला चौक व बालिका मध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर छोटा बाजार के प्रागणों में पौधारोपण अभियान शुरू किया गया। पौधारोपण अभियान के तहत भारतीय शिक्षा समिति गंगापुर सिटी के व्यवस्थापक कानसिंह, सह व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह, विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर सवाई सवाई माधोपुर के प्रधानाचार्य गिरराज शर्मा, बौंली विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमराज सिंह, तुलसी नारायण सैनी, हनुमान शर्मा के सानिध्य में विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहनों ने 221 पौधे लगाए। इस दौरान प्रत्येक भैया बहनों ने पांच - पांच पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

### अजय को बेस्ट कोरियाग्राफर का अवार्ड

**टोंक, (निसं)।** टोंक सिटी से डांसर एवं एडी डांस एकेडमी के डायरेक्टर अजय धामुनिया को छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र में होने वाले डांस कम्पीटीशन "डांस का भूकंप" में इंडिया के बेस्ट सेलिब्रिटी रेमो डिसूजा द्वारा बेस्ट कोरियोग्राफर का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस डांस कंपटीशन में ऑडिशन के माध्यम से सम्पूर्ण इंडिया से प्रतिभागी आए थे, जिसका सेमी फाइनल 25 जुलाई 2024 को संत एकनाथ रंग मंदिर संभाजी नगर महाराष्ट्र में हुआ। इसमें पूरे इंडिया से सलेक्ट होकर 2500 प्रतिभागी ने प्रस्तुति दी, उनके से 80 प्रतिभागी फाइनल के लिए सलेक्ट हुए और सभी फाइनल प्रतिभागियों का परफॉर्मेंस विभागीय क्रीडा संकुल स्टेडियम 28 जुलाई 2024 को संभाजी नगर महाराष्ट्र में हुआ, जिसमे फाइनल जज सेलिब्रेटी बॉलीवुड कोरियोग्राफर और डायरेक्टर रेमो डीसुजा थे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पर चर्चा

**दूदू, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा की तथा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाकर तैयारियाओं में जुट जाने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा के दौरान क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला एवं उपखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।